## ग्रुप A ( भौतिकी एवं रसायन )
## Group A ( Physics & Chemistry )

**प्रश्न** 1.

(i) वाहनों के अग्रदीपों में किस दर्पण का उपयोग किया जाता है ?
( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) 1

(ii) किसी शब्दकोष के छोटे अक्षरों को पढ़ने के लिए आप किस प्रकार के लेंस का उपयोग करते हैं ? ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) 1

(iii) सामान्य आँख के लिए स्पष्ट दृष्टि की न्यूनतम दूरी क्या होती है ?
( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) 1

(iv) विभवान्तर का S.I. मात्रक लिखिए। ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) 1

(v) दिष्टधारा के एक स्रोत का नाम लिखिए। ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) 1

**Q.** 1.

(i) Which mirror is used in the headlights of vehicles ?
( Answer in one word or in one sentence ) 1

(ii) Which type of lens will you apply for reading small letters of a dictionary ? ( Answer in one word or in one sentence ) 1

(iii) What is the least distance for distinct vision for normal eye ?
( Answer in one word or in one sentence ) 1

(iv) Write S.I. unit of potential difference.
( Answer in one word or in one sentence ) 1

(v) Name one source of direct current.
( Answer in one word or in one sentence ) 1

**उत्तर**
**Ans.**

प्रश्न 2. (i) श्वसन कैसी रासायनिक अभिक्रिया है ? ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) 1

(ii) उदासीन विलयन का pH मान क्या है ? ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) 1

(iii) लेड एवं टिन की एक मिश्रधातु का नाम लिखिए। ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) 1

(iv) ऐल्काइन का सामान्य सूत्र क्या है ? ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) 1

(v) आधुनिक आवर्त सारणी के तत्वों के वर्गीकरण का आधार क्या है ? ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) 1

Q. 2. (i) What type of chemical reaction is respiration ? ( Answer in one word or in one sentence ) 1

(ii) What is the pH value of neutral solution ? ( Answer in one word or in one sentence ) 1

(iii) Name an alloy of lead and tin. ( Answer in one word or in one sentence ) 1

(iv) What is the general formula of alkyne ? ( Answer in one word or in one sentence ) 1

(v) What is the basis of classification of elements of modern periodic table ? ( Answer in one word or in one sentence ) 1

उत्तर
Ans.

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 3. | अवतल दर्पण में बनते हुए प्रतिबिम्ब का एक स्वच्छ किरण आरेख खींचिए, जब वस्तु को फोकस एवं वक्रता केन्द्र के बीच रखा जाता है। 2 |
| Q. | 3. | Draw a neat ray diagram of an image formed by a concave mirror when the object is placed between focus and centre of curvature. 2. |
| उत्तर Ans. | | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 4. | निम्नलिखित रासायनिक समीकरणों को संतुलित कीजिए : 2 × 1<br>(a) $Na + O_2 \rightarrow Na_2O$<br>(b) $K + H_2O \rightarrow KOH + H_2$ |
| Q. | 4. | Balance the following chemical equations : 2 × 1<br>(a) $Na + O_2 \rightarrow Na_2O$<br>(b) $K + H_2O \rightarrow KOH + H_2$ |
| उत्तर Ans. | | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 5. | नेत्र की समंजन क्षमता से क्या अभिप्राय है ? ( उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए ) 2 |
| Q. | 5. | What is meant by power of accommodation of an eye ? ( Answer in maximum 40 words ) 2 |
| उत्तर Ans. | | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 6. | उभयधर्मी ऑक्साइड क्या होते हैं ? एक उदाहरण दीजिए। ( उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए ) 2 |
| Q. | 6. | What are amphoteric oxides ? Give an example. ( Answer in maximum 40 words ) 2 |
| उत्तर Ans. | | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 7. | स्वच्छ आकाश का रंग नीला होता है, क्यों ? ( उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए ) 2 |
| Q. | 7. | Why is the colour of clear sky blue ? ( Answer in maximum 40 words ) 2 |
| उत्तर Ans. | | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 8. | आपके अनुसार उत्कृष्ट गैसों को अलग समूह में क्यों रखा गया ? (उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए) 2 |
| Q. | 8. | Why do you think the noble gases are placed in a separate group ? ( Answer in maximum 40 words ) 2 |
| उत्तर Ans. | | |
| प्रश्न | 9. | 5 cm लम्बी कोई वस्तु 10 cm फोकस दूरी के किसी अभिसारी लेंस से 25 cm दूरी पर रखी गयी है। प्रतिबिम्ब की स्थिति, प्रकृति तथा साइज ज्ञात कीजिए। 3 |
| Q. | 9. | An object 5 cm in length is placed at a distance of 25 cm from a converging lens of focal length 10 cm. Find the position of image, nature and size of the image. 3 |
| उत्तर Ans. | | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 10. | ऑक्सीजन के योग या ह्रास के आधार पर उपचयन एवं अपचयन की व्याख्या कीजिए। प्रत्येक के लिए एक उदाहरण दीजिए। ( उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए ) 3 |
| Q. | 10. | Explain oxidation and reduction in terms of gain or loss of oxygen. Mention one example for each one. ( Answer in maximum 50 words ) 3 |
| उत्तर Ans. | | |
| प्रश्न | 11. | 3 Ω, 6 Ω तथा 9 Ω प्रतिरोध के तीन प्रतिरोधकों को किस प्रकार संयोजित करेंगे कि संयोजन का कुल प्रतिरोध (a) 18 Ω, (b) $\frac{18}{11}$ Ω हो ? 1 + 2 |
| Q. | 11. | How can three resistors of resistances 3 Ω, 6 Ω and 9 Ω are connected to give a total resistance of (a) 18 Ω, (b) $\frac{18}{11}$ Ω ? 1 + 2 |
| उत्तर Ans. | | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 12. | जिप्सम क्या होता है ? इसको 373 K ताप पर गर्म करने से क्या होता है ? (उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए) 1 + 2<br>**अथवा**<br>निम्नलिखित का सामान्य नाम क्या है ? 3 × 1<br>(a) $Ca(OH)_2$ (b) $Na_2CO_3.10H_2O$ (c) $NaHCO_3$ |
| Q. | 12. | What is gypsum ? What happens when gypsum is heated to 373 K ? ( Answer in maximum 50 words ) 1 + 2<br>*OR*<br>What are the common names of the following ? 3 × 1<br>(a) $Ca(OH)_2$ (b) $Na_2CO_3.10H_2O$ (c) $NaHCO_3$ |
| उत्तर<br>Ans. | | |
| प्रश्न | 13. | चुम्बकीय क्षेत्र रेखाओं के तीन गुणों को लिखिए। (उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए) 3<br>**अथवा**<br>किसी विद्युत परिपथ में लघुपथन और अतिभारण कब होता है ? (उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए) $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$ |
| Q. | 13. | Write three properties of magnetic lines of forces. ( Answer in maximum 50 words ) 3<br>*OR*<br>When does an electric short circuit and overloading occur ? (Answer in maximum 50 words) $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$ |

उत्तर
Ans.

प्रश्न 14. इथेनॉल से इथेनॉइक अम्ल में परिवर्तन को ऑक्सीकरण अभिक्रिया क्यों कहते हैं ? (उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए) 3


Q. 14. Why is the conversion of ethanol to ethanoic acid called as oxidation reaction ? ( Answer in maximum 50 words ) 3

उत्तर
Ans.

**प्रश्न** 15. ओम का नियम लिखिए और इसका प्रायोगिक सत्यापन कीजिए। ( उत्तर अधिकतम 70 शब्दों में दीजिए ) 2 + 3

**अथवा**

दिए गए चित्र के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1




(a) चित्र का उपयुक्त नाम दीजिए।

(b) [1] एवं [2] के नाम लिखिए।

(c) किस तरह की ऊर्जा इस उपकरण द्वारा परिवर्तित की जाती है ?

(d) इस उपकरण के एक उपयोग लिखिए।


(e) आर्मेचर को परिभाषित कीजिए।

( उत्तर अधिकतम 70 शब्दों में दीजिए )

**Q.** 15. State Ohm's law and give its experimental verification. ( Answer in maximum 70 words ) 2 + 3

*OR*

Answer the following questions on the basis of the given diagram : 5 × 1




(a) Write appropriate name of the diagram.

(b) Write the names of [1] and [2].

(c) Which type of energy is transformed through this apparatus ?


(d) Write one use of this apparatus.

(e) Define Armature.

( Answer in maximum 70 words )

| | |
|---|---|
| उत्तर<br>Ans. | |

**प्रश्न** 16. दिए गए चित्र में लवण के विलयन की चालकता का प्रयोग दिखाया गया है। [1], [2], [3], [4] एवं [5] का नामांकन कीजिए। 5 × 1




**अथवा**


निम्नलिखित यौगिकों के संरचना सूत्र लिखिए : 5 × 1

(a) इथेनॉइक अम्ल (b) ब्रोमोपेंटेन

(c) ब्यूटेनोन (d) हेक्सेनैल

(e) प्रोपेनॉल।

| Q. | |
|---|---|
| 16. | In the given figure the experiment of conductivity of a salt solution is shown. Label against [1], [2], [3], [4] and [5]. 5 × 1 |




*OR*

Write the structural formulae of the following compounds : 5 × 1

(a) Ethanoic acid (b) Bromopentane
(c) Butanon (d) Hexanal
(e) Propanol.

उत्तर
Ans.

## ग्रुप B ( जीव विज्ञान — सजीव जगत और प्राकृतिक संसाधन)

## Group B ( Biology — World of livings and Natural Resources )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रश्न | 17. | (i) | लार में पाये जाने वाले इन्जाइम का नाम लिखिए। ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) | 1 |
| | | (ii) | शरीर का प्रमुख समन्वय केन्द्र क्या है ? ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) | 1 |
| | | (iii) | डी०एन०ए० कहाँ पाया जाता है ? ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) | 1 |
| | | (iv) | जीन कहाँ पाये जाते हैं ? ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) | 1 |
| | | (v) | ऊर्जा के एक स्रोत का नाम लिखिए। ( उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ) | 1 |
| Q. | 17. | (i) | Name the enzyme found in saliva. ( Answer in one word or in one sentence ) | 1 |
| | | (ii) | What is the principal coordinating centre of body ? ( Answer in one word or in one sentence ) | 1 |
| | | (iii) | Where is D.N.A. found ? ( Answer in one word or in one sentence ) | 1 |
| | | (iv) | Where are genes found ? ( Answer in one word or in one sentence ) | 1 |
| | | (v) | Name one source of energy. ( Answer in one word or in one sentence ) | 1 |

उत्तर
Ans.


| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 18. | मानव-वृषण के क्या कार्य हैं ? कोई दो कार्य लिखिए। ( उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए ) 2 |
| Q. | 18. | What are the functions of human testes ? Write any two functions. ( Answer in maximum 40 words ) 2 |
| उत्तर Ans. | | |
| प्रश्न | 19. | नदी पर बाँध बनाने से क्या लाभ हैं ? कोई दो लाभ लिखिए। ( उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए ) 2 |
| Q. | 19. | What are the benefits of constructing a dam on the river ? Write any two benefits. ( Answer in maximum 40 words ) 2 |
| उत्तर Ans. | | |
| प्रश्न | 20. | जैव-भू-रसायन चक्र क्या है ? परिभाषित कीजिए। ( उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए ) 2 |
| Q. | 20. | What is Bio-geochemical cycle ? Define. ( Answer in maximum 40 words ) 2 |
| उत्तर Ans. | | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 21. | प्राकृतिक संसाधन क्या है ? स्पष्ट कीजिए। ( उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए ) 2 |
| Q. | 21. | What is Natural Resource ? Explain. ( Answer in maximum 40 words ) 2 |
| उत्तर Ans. | | |
| प्रश्न | 22. | रक्त (रुधिर) क्या है ? इसके कोई दो कार्य लिखिए। (उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए) 1 + 2 |
| Q. | 22. | What is blood ? Write its any two functions. (Answer in maximum 50 words ) 1 + 2 |
| उत्तर Ans. | | |

JAC

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 23. | प्रतिवर्ती क्रिया और प्रतिवर्ती चाप में तीन अन्तर लिखिए। (उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए) 3 × 1 |
| Q. | 23. | Write three differences between Reflex Action and Reflex Arc. (Answer in maximum 50 words) 3 × 1 |
| उत्तर Ans. | | |
| प्रश्न | 24. | हमारे शरीर में ग्राही का क्या कार्य है ? ग्राही के कार्य न करने पर क्या समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं ? (उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए) 1 + 2 |
| Q. | 24. | What is the function of receptor in our body ? What problems can originate when receptors do not work ? (Answer in maximum 50 words) 1 + 2 |
| उत्तर Ans. | | |

प्रश्न 25. चित्र का अवलोकन कीजिए और इन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।





(a) I और II किन जन्तुओं के कौन-से अंग हैं ?

(b) ये किस प्रकार के अंग हैं ? परिभाषित कीजिए। 1 + 2

**अथवा**

जीन प्रवाह क्या है ? यह कैसे होता है ? समझाइए। (उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए) 1 + 2

Q. 25. Observe the diagrams and answer the questions based on them.




(a) To which animals do organs I and II belong ?

(b) What types of organs are these ? Define. 1 + 2

OR

What is Gene Flow ? How does it occur ? Discuss. (Answer in maximum 50 words) 1 + 2

उत्तर
Ans.

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 26. | अमीबा में पोषण की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन कीजिए। (उत्तर अधिकतम 70 शब्दों में दीजिए) 5<br>**अथवा**<br>समजात और समरूप अंगों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। (उत्तर अधिकतम 70 शब्दों में दीजिए) 5 |
| Q. | 26. | Describe different stages of nutrition in amoeba. (Answer in maximum 70 words) 5<br>*OR*<br>Describe with examples the homologous and analogous organs. (Answer in maximum 70 words) 5 |
| उत्तर<br>**Ans.** | | |